# Two days 'Comm-fiesta' organized at CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 26-09-2024**

# खेल, वाद-विवाद, एड-मैड शो और नुक्कड़ नाटक से जमेगा रंग

## हकेंवि में दो दिवसीय कॉम-फिएस्टा 2.0 की हुई शुरुआत



**महेंद्रगढ़** | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से बुधवार को दो दिवसीय कॉम-फिएस्टा 2.0 की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि इस तरह के आयोजन विषय के व्यावहारिक पक्षों को समझने और आपसी मेलजोल के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। कुलपति ने विकसित भारत अभियान की सफलता को तकनीकी विकास और सामूहिक प्रयास को आवश्यक बताया और कहा कि युवाओं को इस मुहिम में सक्रिय योगदान के लिए तत्पर रहना होगा।

उद्घाटन सत्र की शुरुआत में कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुशीला कुमारी सोरिया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रतिभागियों से साझा की। कॉम-फिएस्टा 2024 के निदेशक व वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा एवं आयोजन के सह-संरक्षक प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धी गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों का मिश्रण है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय इस आयोजन में वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, एड-मैड शो और नुक्कड़ नाटक, खेल प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जाएगा, जिनमें विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थी प्रतिभागिता करेंगे। आयोजन में वाणिज्य विभाग के संकाय सदस्य डॉ. सुमन, डॉ. रविंद्र कौर, डॉ. भूषण सिंह, डॉ. मोहित, शोधार्थी अन्नू, प्रेरणा, हेमलता, मोनिका, मनीषा, नीरज, भावना और एम.कॉम के विद्यार्थी तान्या, सिमरन, स्नेहा, यश प्रताप सिंह और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 26-09-2024**

# दो दिवसीय काम-फिएस्टा 2.0 की शुरुआत



हकेवि में काम-फिएस्टा 2.0 का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर ● सौजन्यः हकेंवि

संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा बुधवार को दो दिवसीय काम-फिएस्टा 2.0 की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कुलपति ने विकसित भारत अभियान की सफलता हेतु तकनीकी विकास और सामूहिक प्रयास को आवश्यक बताया और कहा कि युवाओं को इस अभियान में सक्रिय योगदान के लिए तत्पर रहना होगा।

उद्घाटन सत्र की शुरुआत में कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुशीला कुमारी सोरिया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रतिभागियों से साझा की। काम-फिएस्टा 2024 के निदेशक व वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डा. राजेंद्र प्रसाद मीणा एवं आयोजन के सह-संरक्षक प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धी गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों का मिश्रण है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 26-09-2024**


# दो दिवसीय कॉम-फिएस्टा 2.0 की हुई शुरुआत

महेंद्रगढ़, 25 सितम्बर (ब्यूरो): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा बुधवार को दो दिवसीय कॉम-फिएस्टा 2.0 की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। कुलपति ने कहा कि इस तरह के आयोजन विषय के व्यावहारिक पक्षों को समझने और आपसी मेलजोल के लिए महत्त्वपूर्ण है। कुलपति ने विकसित भारत अभियान की सफलता हेतु तकनीकी विकास और सामूहिक प्रयास को आवश्यक बताया और कहा कि युवाओं को इस अभियान में सक्रिय योगदान के लिए तत्पर रहना होगा।

उद्घाटन सत्र की शुरुआत में कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुशीला कुमारी सोरिया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रतिभागियों से साझा की। कॉम-फिएस्टा 2024 के निदेशक व वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा एवं आयोजन के सह-संरक्षक प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धी गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों का मिश्रण है।

उन्होंने कहा कि दो दिपसीय इस आयोजन में वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, एड-मैड शो और नुक्कड़ नाटक, खेल प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जाएगा। जिनमें विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थी प्रतिभागिता करेंगे। आयोजन में वाणिज्य विभाग के संकाय सदस्य डॉ. सुमन, डॉ. रविंद्र कौर, डॉ. भूषण सिंह, डॉ. मोहित, शोधार्थी अन्नू, प्रेरणा, हेमलता, मोनिका, मनीषा, नीरज, भावना और एम.कॉम के विद्यार्थी तान्या, सिमरन, स्नेहा, यश प्रताप सिंह और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 28-09-2024**

## वैश्विक सहभागिता में युवाओं की भूमिका पर रखे विचार

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के वाणिज्य विभाग में दो दिवसीय कॉमफिस्टा 2.0 कार्यक्रम का समापन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दो दिवसीय आयोजन के लिए बधाई दी। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने समापन सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। अपने संबोधन में प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मददगार होते हैं। कार्यक्रम के निदेशक एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीना ने बताया कि आयोजन के दौरान पैनल डिसकशन का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. पवन कुमार शर्मा, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. पायल कंवर चंदेल, प्रो. राजीव कुमार और प्रो. अभिरंजन ने वैश्विक सहभागिता में युवा वर्ग की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 28-09-2024**



## हकेंवि में दो दिवसीय कॉमफिस्टा का समापन प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**महेंद्रगढ़** | हकेंवि के वाणिज्य विभाग में दो दिवसीय कॉमफिस्टा 2.0 कार्यक्रम का समापन हो गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दो दिवसीय आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने समापन सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन सर्वांगीण विकास में मददगार होते हैं। कार्यक्रम के निदेशक एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीना ने बताया कि आयोजन के दौरान पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. पवन कुमार शर्मा, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. पायल कंवर चंदेल, प्रो. रंजन अनेजा, प्रो. राजीव कुमार और डॉ. अभिरंजन ने वैश्विक सहभागिता में युवा वर्ग की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने कहा कि विकसित भारत के लिए युवा उत्थान आवश्यक है। बेहतर निर्णय लेने के लिए नियंत्रण की आवश्यकता है, हमें शारीरिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में निर्णय लेने होंगे। डॉ. सुमन दहिया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। समापन सत्र में प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम निदेशक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीना ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों और आयोजन समिति के सदस्यों सहित सभी सहभागियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के संकाय सदस्य प्रो. सुशीला कुमारी सोरिया, डॉ. सुमन, डॉ. रविंदर कौर, डॉ. भूषण सिंह, डॉ. मोहित और वाणिज्य विभाग के शोधार्थी अन्नू, प्रेरणा, हेमलता, मोनिका, काजल, नीरज, भावना, निलिम और विभाग के विद्यार्थी छात्र तान्या, सिमरन, स्नेहा, यश प्रताप सिंह, अनुभव सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

**Newspaper:** Dainik Jagran **Date:** 28-09-2024

# दो दिवसीय कामफिस्टा कार्यक्रम का समापन



कॉमफिस्टा के समापन सत्र में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करतीं समकुलपति ● सौः हकें

**संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के वाणिज्य विभाग में दो दिवसीय कामफिस्टा 2.0 कार्यक्रम का समापन हो गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आयोजकों को बधाई दी। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने समापन सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के निदेशक डा. राजेंद्र प्रसाद मीना ने बताया कि आयोजन के दौरान पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. पवन कुमार शर्मा, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. पायल कंवर चंदेल, प्रो. रंजन अनेजा, प्रो. राजीव कुमार और डा. अभिरंजन ने वैश्विक सहभागिता में युवा वर्ग की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने कहा कि विकसित भारत के लिए युवा उत्थान आवश्यक है। बेहतर निर्णय लेने के लिए नियंत्रण की आवश्यकता है, हमें शारीरिक, सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में निर्णय लेने होंगे।